## Regarding irrigation facility in Ferozpur

**श्री शेर सिंह घुबाया (फिरोज़पुर) :** महोदया, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे क्षेत्र फिरोजपुर से तीन कैनाल निकलती हैं । 1 अप्रैल से पैडी का सीजन शुरू हो गया है । अभी वहां जो सिस्टम है, वह वर्ष 1965 का बना हुआ है । आज के मुकाबले में तब वन-फोर्थ एरिया में इरीगेशन होता था । आज उसी सिस्टम से ही इरीगेशन के लिए नहरों का पानी जा रहा है । मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि फिरोजपुर के कैनाल सिस्टम की रीमॉडलिंग की जाए । हमारे एरिया में सभी कॉस्टली बासमती चावल पैदा होते हैं । वहां का ग्राउंड वाटर हर साल नीचे जा रहा है । उसको रोकने के लिए आप कृपा करें और वहां के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट बनाकर दोबारा इस एरिया को पानी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद ।